>

Title : Need to set up Memorials in honour of Dr. B.R.Ambedkar and other renowned dalit leaders in various parts of the country.

डॉ. राजन सुशान्त (कांगड़ा): महोदय, आजादी के बाद राÂष्ट्र सामाजिक समरसता के मार्ग पर आगे बढ़ा है और इस समरसता के मार्ग को और अधिक दृढ़ता प्रदान करने हेतु आवश्यक है कि राÂष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की समाधि की तर्ज पर देश में तथा सभी राज्यों में विकास खण्ड के स्तर तक संविधान निर्माता डॉ0 बाबा साहिब भीमराव अम्बेडकर सहित राष्ट्र के स्वतंत्रता संग्राम, सामाजिक क्षेत्र, राजनैतिक क्षेत्र व अन्य क्षेत्रों में अमूल्य योगदान देने वाले सभी दलित नेताओं के स्मृति आगार बनाए जायें तथा बने हुए स्मृति आगारों, चिन्हों व समाधियों को अत्यंत महत्व प्रदान किया जाये ताकि वर्तमान व भविÂष्य के भारतवासी इनसे प्रेरणा लेकर भारत में समरसता को और भी मजबूती प्रदान कर सकें। इसके साथ ही भारत सरकार से मेरा विशेष आग्रह है कि दिल्ली में अलीपुर रोड स्थित डॉ0 अम्बेडकर के निर्वाण स्थल को सम्मान (विशिष्ट) मिले, वहां सरकारी समारोह प्रायोजित हों तथा देश के करोड़ों लोगों के आस्था व प्रेरणा के केन्द्र डॉ0 अम्बेडकर के दिल्ली आवास को शीघ्र विकसित किया जाये।